# Window advertisement for Newspapers

भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी
INDIAN NATIONAL SCIENCE ACADEMY
बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002
Bahadur Shah Zafar Marg, New Delhi-110002
वेबसाइट/ Website : www.insaindia.res.in

## वॉक-इन इंटरव्यू के लिए सूचना

## NOTICE FOR WALK IN INTERVIEW

भारत सरकार के विज्ञान एवम् प्रौद्योगिकी विभाग का वृत्तिक निकाय, भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी, नेटवर्क इंजीनियर के पद पर संविदा के आधार पर एक वर्ष की अवधि के लिए नियुक्ति हेतु पात्र उम्मीदवारों से दिनांक **07-10-2025** को **अपराह्न 2:00 बजे से** आयोजित होने वाले वॉक-इन-इंटरव्यू के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। विस्तृत नियम एवम् शर्तें तथा आवेदन पत्र इन्सा की वेबसाइट www.insaindia.res.in पर करियर अनुभाग में उपलब्ध है।

Indian National Science Academy, Professional Body of Department of Science & Technology, Govt. of India invites applications from the eligible candidates for Walk-in-Interview to be conducted on **07-10-2025 at 02.00 p.m. onwards** for the engagement of Network Engineer on contractual basis initially for a period of one year. Detailed terms and conditions and Application Form are available on INSA Website www.insaindia.res.in under career section.

**उप कार्यकारी निदेशक-। (वित्त एवम् प्रशासन)**
**Dy. Executive Director –I (F&A)**

OK
17/09/25

# भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी

**बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली - 110 002**

सं. इन्सा/प्रशासन/2025-26/ 1311
दिनांक: 17 सितम्बर 2025

**विषय: भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002 में संविदात्मक नेटवर्क इंजीनियर की नियुक्ति हेतु वॉक-इन-इंटरव्यू**

| |
|---|
| **नेटवर्क इंजीनियर - 1**<br>**शैक्षिक योग्यता:** कंप्यूटर विज्ञान में डिग्री, बीई/ बी.टेक/ एमएससी (आईटी)/ एम.टेक/ बीसीए/ एमसीए<br><br>**कार्य अनुभव:**<br>नेटवर्किंग फंडामेंटल्स, प्रोटोकॉल, हार्डवेयर, क्लाउड सर्वर प्रबंधन, फ़ायरवॉल/ एंटी-वायरस और सर्वर सपोर्ट में न्यूनतम **5** वर्ष या उससे अधिक का प्रासंगिक अनुभव। इसके अतिरिक्त, किसी भी डिग्री के साथ माइक्रोसॉफ्ट (नेटवर्किंग में एमटीए/एमसीएसए), सिस्को सीसीएनए और कॉम्पटिया नेटवर्क+ जैसे अंतरराष्ट्रीय प्रमाणपत्रों पर भी विचार किया जाएगा। तकनीकी विशिष्टताओं में बेहतर दस्तावेज़ीकरण कौशल एक अतिरिक्त लाभ मिलेगा।<br><br>**आयु सीमा:** दिनांक 07-10-2025 तक 40 वर्ष से अधिक नहीं<br>**पारिश्रमिक:** अनुभव और योग्यता के आधार पर ₹50,000 से ₹70,000/- प्रति माह (समेकित) |
| **आवेदन कैसे करें**<br>पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले इच्छुक उम्मीदवार अनुलग्नक-॥ में निर्धारित प्रारूप में (सभी प्रकार से पूर्ण) सभी सहायक दस्तावेजों और एक वर्तमान में लिया गया पासपोर्ट आकार की फोटो के साथ **07-10-2025** को 14:00 बजे भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी कार्यालय में उपरोक्त पते पर वॉक-इन-इंटरव्यू के लिए उपस्थित हो सकते हैं। |

**सामान्य नियम एवं शर्तें:**

**1. नियुक्ति की अवधि:** क) नियुक्ति 1 वर्ष की अवधि के लिए होगी।

2. चयनित अभ्यर्थियों को निश्चित पारिश्रमिक/ समेकित वेतन दिया जाएगा और कोई अन्य भत्ते व लाभ नहीं दिए जाएँगे।

**3. अवकाश:** (क) संविदा कार्मिक प्रत्येक कैलेंडर माह में 1 दिन के अवकाश के लिए पात्र होंगे।

(ख) संविदा कार्मिक को स्वीकार्य अवकाश से अधिक अनुपस्थिति अवधि के लिए कोई पारिश्रमिक नहीं दिया जाएगा। अप्रयुक्त अवकाश को आगे नहीं बढ़ाया जा सकता और न ही उसे वापस लिया जा सकता है।

**4. गोपनीयता और सत्यनिष्ठा:** (क) अकादमी के लिए एकत्रित सभी सूचनाओं/ आंकड़ों और उत्पादित सामग्रियों के बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) अकादमी के पास रहेंगे।

(ख) संविदात्मक जनशक्ति, अकादमी की स्पष्ट लिखित सहमति के बिना, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से, किसी भी व्यक्ति या व्यक्तियों को उसके कार्य के प्रयोजनार्थ या उसके कार्य के दौरान एकत्रित किसी भी सामग्री का संप्रेषण या प्रकटीकरण नहीं करेगी।

(ग) संविदात्मक जनशक्ति, अकादमी के हित के प्रतिकूल किसी भी मामले में प्रतिनिधित्व, राय या सलाह नहीं देगी। उसे अपनी नियुक्ति अवधि के दौरान कोई अन्य कार्यभार ग्रहण करने की अनुमति नहीं है।

5. **नियुक्ति की समाप्ति:** (क) संविदात्मक जनशक्ति की नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी आधार पर है और वे अकादमी में किसी लाभ/ मुआवजे/ आमेलन/ सेवा के नियमितीकरण के हकदार नहीं होंगे।

(ख) अकादमी निम्नलिखित शर्तों पर संविदात्मक जनशक्ति की नियुक्ति समाप्त कर सकती है:

(i) संविदात्मक जनशक्ति सौंपे गए कार्य को समझने/ पूरा करने में असमर्थ है।

(ii) कार्य की गुणवत्ता अकादमी के संतोष के अनुरूप नहीं है।

(iii) संविदात्मक जनशक्ति, अकादमी द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को समय पर प्राप्त करने में विफल रहती है।

(iv) संविदा कार्मिकों में ईमानदारी और निष्ठा का अभाव पाया जाता है।

(ग) संविदा कार्मिक अकादमी की सेवाएँ छोड़ने के लिए एक महीने का नोटिस देंगे। अकादमी द्वारा किसी भी समय बिना कोई कारण बताए और बिना किसी पूर्व सूचना के नियुक्ति समाप्त की जा सकती है।

(घ) संविदा कार्मिक अकादमी द्वारा अंतिम भुगतान जारी होने से पहले सभी दस्तावेज़, चाबियाँ और सभी आधिकारिक उपकरण आदि, यदि कोई हों, अकादमी को सौंप देंगे और एक अदेयता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे।

6. **चयन प्रक्रिया:** योग्यता, अनुभव और साक्षात्कार में प्रदर्शन के आधार पर, उम्मीदवार का चयन किया जाएगा।

7. **अन्य शर्तें:** क) आवेदन पत्र अकादमी की वेबसाइट www.insaindia.res.in पर 'कैरियर' शीर्षक के अंतर्गत उपलब्ध है।

ख) उम्मीदवारों के पास एक वैध सक्रिय ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर होना आवश्यक है, जिसे आवेदन पत्र में सही और सुपाठ्य रूप से भरना होगा। उम्मीदवारों को भेजे गए किसी भी मेल के बाउंस होने के लिए अकादमी जिम्मेदार नहीं होगी।

ग) अकादमी को किसी भी स्तर पर विज्ञापन रद्द करने और किसी भी संविदात्मक मानवशक्ति की नियुक्ति न करने का अधिकार है। वह बिना कोई कारण बताए, किसी भी या सभी आवेदनों को स्वीकार या अस्वीकार कर सकती है।

घ) अकादमी को सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से, आवश्यकतानुसार, इन दिशानिर्देशों की समीक्षा करने का अधिकार है।

ङ) आवश्यकता पड़ने पर, एक वर्ष के बाद, उनके कार्य-निष्पादन की समीक्षा की जाएगी।

अनुलग्नक/ANNEXURE –II

## संविदा के आधार पर नियुक्ति के लिए आवेदन APPLICATION FOR ENGAGEMENT ON CONTRACTUAL BASIS

नेटवर्क इंजीनियर / **NETWORK ENGINEER**

| स्वयं द्वारा अनुप्रमाणित हाल ही का पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ/ Affix self attested recent Passport Size Photograph |
|---|

सेवा में/ To,
उप कार्यकारी निदेशक-I (वित्त एवम् प्रशासन)
The Deputy Executive Director-I (F & A),
भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकामी
Indian National Science Academy,
बहादुर शाह ज़फर मार्ग/ Bahadur Shah Zafar Marg,
नई दिल्ली/ New Delhi-110002

मोहदय/Sir,
विज्ञापन सं. ........................... दिनांक .................... के संदर्भ में, भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी में ____________________ के पद पर नियुक्ति के लिए कृपया मेरा आवेदन स्वीकार किया जाए। मेरा विवरण नीचे दिया गया है:
With reference to the Adv. No.____________dated______, my application for engagement as__________________________________ in Indian National Science Academy may kindly be accepted. My details are given below:

### बायोडाटा/ CURRICULUM VITAE

| क्र. सं. S.No. | विवरण/ Particulars | आवेदक द्वारा भरा जाना है/To be filled by the Applicant |
|---|---|---|
| 1. | नाम/ Name (बड़े अक्षरों में/in BLOCK letters) | |
| 2. | पिता/पति का नाम/ Father's /Husband's Name | |
| 3. | जन्मतिथि/ Date of Birth | |
| 4. | टेलीफोन/मोबाइल नंबर/ Telephone/Mobile Number | |
| 5. | ई-मेल पता/ Email Address | |
| 6. | पत्राचार के लिए पता/ Address for communication | |
| 7. | स्थायी पता/ Permanent Address | |
| 8. | वर्तमान आयु ( वर्ष /महीना)/ Present Age (yy/mm) | |

| | | |
|---|---|---|
| 9. | शैक्षिक/तकनीकी योग्यता/ Educational/Technical Qualification | |
| 10. | अनुभव/ Experience | |
| 11. | कंप्यूटर ज्ञान का विवरण/ Details of computer knowledge | |

*यदि आवश्यक हो तो अतिरिक्त शीट संलग्न करें/Attach additional sheet if required.

ऊपर दी गई जानकारी सत्य है। मैंने अनुलग्नक-I में उल्लिखित नियम और शर्तों को ध्यानपूर्वक पढ़ा है और वे मुझे स्वीकार्य हैं। मैं प्रमाणित करता हूँ / करती हूँ कि आज की तारीख तक मेरे विरुद्ध कोई अनुशासनात्मक/आपराधिक कार्यवाही लंबित नहीं है/ The information furnished above is true. I have carefully read the terms and conditions mentioned in Annexure- I and are acceptable to me. I certify that no disciplinary/criminal proceedings are pending against me, as on date.

स्थान/ Place :

तारीख/ Date : (आवेदक के हस्ताक्षर/ Signature of the Applicant)